भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4059
उत्तर देने की तारीख 18.08.2025

भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण

4059. श्री आर. के. चौधरी :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण (एएनएसआई) में चल रही विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण द्वारा हाल ही में समाज के विभिन्न वर्गों पर किए गए अनुसंधान का विगत पांच वर्षों के दौरान मुख्यतः आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर क्या प्रभाव पड़ा है और इन अनुसंधानों से हमें किस प्रकार लाभ हुआ है;
(ग) भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण में अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन आदि के संस्वीकृत और रिक्त वैज्ञानिक और प्रशासनिक पदों की श्रेणी-वार संख्या और ब्यौरा क्या है;
(घ) भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण में भर्ती प्रक्रिया के दौरान अपनाए जाने वाले विभिन्न भर्ती नियमों का ब्यौरा क्या है;
(ङ) भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण की अपने कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण नीति का ब्यौरा क्या है; और
(च) विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अगले दस वर्षों के लिए भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण की भावी संकल्पना क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण में चल रही विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

i. भारत के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के बीच आंत माइक्रोबियल जीनोमिक अध्ययन।

ii. छत्तीसगढ़, भारत की अंतर्राज्यीय सीमाओं पर जातीय समूह और उनकी पहचान, अन्त: तथा अंतर-जातीय संबंध और विकास संबंधी चिंताएँ।

iii. पर्यटन विकास के विशेष संदर्भ में हिमालयी सीमावर्ती गांवों में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन।

iv. मानवशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन के जरिए जल जीवन मिशन जेजेएम के माध्यम से ग्रामीण भारत में परिवर्तनकारी बदलाव।

v. स्थिर आइसोटोप और प्राचीन डीएनए विश्लेषण का उपयोग करके सिंधु -सरस्वती सभ्यता की पुरा - जलवायु और सूखे की घटना के प्रभाव का पुनर्निर्माण।

vi. इन्टरनेट आफ थींग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के संदर्भ में एपिजेनेटिक्स, डिजिटल डिवाइड और ऊर्जा व्यय को एकीकृत करके स्मार्ट इंडिया में स्वस्थ और सफल वृद्धावस्था की खोज (ईएचएसएएस)।

(ख): पिछले पाँच वर्षों के दौरान, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण द्वारा किए गए शोध ने समाज के विभिन्न वर्गों को महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित किया है जिसमें आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों पर विशेष ध्यान दिया गया है। माइक्रोब डेटा बैंक पहल दवाओं की खोज में सहायता करती है और देशी फसलों की खेती को बढ़ावा देती है, जिससे जन स्वास्थ्य और किसानों की आजीविका में सहायता मिलती है। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम ने महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण, पर्यटन और सतत विकास को बढ़ावा देकर हिमालय के सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों का आकलन किया है। ईएचएसएएस के माध्यम से, सक्रिय वृद्धावस्था के बारे में जागरूकता ने वयोवृद्ध नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जोखिम और लागत को कम किया है। पैलियो परियोजना ने सांस्कृतिक गौरव और विरासत-आधारित अवसरों को बढ़ावा देकर ऐतिहासिक ज्ञान को समृद्ध किया है। सामुदायिक आनुवंशिकी विस्तार कार्यक्रम ने आनुवंशिक जोखिमों के बारे में जागरूकता फैलाई है, जिससे समय पर हस्तक्षेप और जानकारी युक्त स्वास्थ्य विकल्प संभव हुए हैं। अनधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों का अध्ययन नीतिगत निर्माण और योजनाओं हेतु सिफ़ारिशें प्रदान करता है ताकि उन्हें मुख्यधारा के समाज में शामिल किया जा सके। कुल मिलाकर, इन पहलों ने स्वास्थ्य, आजीविका, सांस्कृतिक संरक्षण और नीति समावेशन को उन्नत किया है जिससे कमज़ोर और हाशिए पर पड़े समुदायों का प्रत्यक्ष रूप से उत्थान हुआ है।

(ग): भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण में स्वीकृत और रिक्त वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक पदों तथा संख्या, अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन आदि का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है:

वैज्ञानिक :

समूह	कुल स्वीकृत पद	कुल रिक्त पद	वर्ग	स्वीकृत पद	रिक्त पद
समूह क	52	26	अनारक्षित	21	04
			ओबीसी	14	10
			एससी	07	04
			एसटी	03	01
			ईडब्ल्यूएस	05	05
			पीडब्ल्यूडी	02	02
समूह ख	37	07	अनारक्षित	17	02
			ओबीसी	09	01
			एससी	05	00
			एसटी	02	00
			ईडब्ल्यूएस	03	03
			पीडब्ल्यूडी	01	01
समूह ग	वैज्ञानिक श्रेणी में समूह ग का कोई पद नहीं है।				

प्रशासनिक

समूह	कुल स्वीकृत पद	कुल रिक्त पद	वर्ग	स्वीकृत पद	रिक्त पद
समूह क	01	01	अनारक्षित	01	01
समूह ख	182	88	अनारक्षित	66	26
			ओबीसी	50	24
			एससी	27	14
			एसटी	14	07
			ईडब्ल्यूएस	18	15
			पीडब्ल्यूडी	07	02
समूह ग	176	73	अनारक्षित	66	26
			ओबीसी	47	18
			एससी	26	10
			एसटी	13	06
			ईडब्ल्यूएस	17	10
			पीडब्ल्यूडी	07	03

(घ): भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण अपने अधीन विभिन्न पदों के लिए अधिसूचित भर्ती नियमों का पालन करता है। भर्ती प्रक्रिया इन अधिसूचित भर्ती नियमों के अनुसार संचालित की जाती है।

(ड.): भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित स्थानांतरण नीति का पालन करता है। कर्मचारियों के स्थानांतरण निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार किए जाते हैं।

(च): अगले दस वर्षों में, भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण अपने अनुसंधान को राष्ट्रीय नीतियों और कार्यक्रमों के अनुरूप बनाने की परिकल्पना करता है ताकि एक विकसित भारत के विजन में योगदान दिया जा

सके। इस विजन में व्यापक सामाजिक प्रभाव और आवश्यकताओं के आकलन के माध्यम से हाशिए पर पड़े समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, जन स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का समाधान करना और भारत की समृद्ध मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना शामिल है।

***